हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 8 सितंबर 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 लगधा में हाट बाजार आरंभ ग्रामीणों को मिलेगा ...



07 सुबह 4 बजे तक हुआ मूर्तियों का विसर्जन



## खबर संक्षेप

### इस माह 22 कर्मचारी सेवानिवृत्त हो जाएंगे

**विदिशा।** सितंबर माह में कुल 22 कर्मचारियों की शासकीय सेवा अवधि पूर्ण होने पर सेवा निवृत्त होगे। संबंधित विभागों के अहरण संवितरण अधिकारियों को सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारियों व अधिनस्थ अधिकारियों के पेंशन प्रकरण समय पर पूरे हो सकें इसके लिए 6 माह पहले आवश्यक दस्तावेजों को जमा कराने की सूचनाएं विभिन्न संसाधनों के माध्यम से दी गई हैं। किंतु अभी तक सितंबर माह के 22 कर्मचारियों में से मात्र 8 कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण कार्यालय को उपलब्ध कराएं गए हैं। जुलाई-44 में से 39 अगस्त-26 में से 23 प्राप्त हुए जबकि सितम्बर में सेवानिवृत्त होने वालों की संख्या 22 में से 8 प्रकरण प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार पिछले दो माहों सहित शासकीय सेवानिवृत्त होने वाले की कुल संख्या 92 है जिसमें 70 प्रकरण प्राप्त हुए हैं। शेष अप्राप्त पेंशन प्रकरण 22 हैं।

### विश्व फिजियोथैरेपी दिवस आज, कैंप लगेगा

**विदिशा।** विश्व फिजियोथैरेपी दिवस के अवसर पर आज सोमवार को जिला चिकित्सालय में एक जिला स्तरीय स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया है। यह विशेष आयोजन राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल के अंतर्गत आयोजित किया गया है। शिविर का मुख्य उद्देश्य 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सक, हड्डी रोग विशेषज्ञ और फिजियोथैरेपी विशेषज्ञ द्वारा मुफ्त जांच, उपचार एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। शिविर में 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की स्क्रीनिंग एवं परामर्श मांसपेशियों और नर्व संबंधी समस्याओं का फिजियोथैरेपी द्वारा निराकरण निःशुल्क आभा आईडी निर्माण की सुविधा,वरिष्ठजनों को फल वितरण किया जाएगा।

### बुजुर्गों की मदद हेतु सदैव आगे रहेंगे: सीएमएचओ

**विदिशा।** बुजुर्गों की सेवा हेतु जिला स्वास्थ्य विभाग सदैव तत्पर है। यह बात सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार ने श्री हरि वृद्ध आश्रम में आज लायन्स क्लब आनंदपुर सद्गुरु द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कही। उन्होंने वृद्ध आश्रम की सेवा प्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के युग में बुजुर्गों की इतनी बेहतर सेवा समाज के लिए प्रेरणादायी है। इस अवसर पर लायन्स क्लब अध्यक्ष डॉ. डीके शर्मा ने कहा कि लायन्स क्लब की सेवा गतिविधियों से समाज में पीड़ित मानवता की सेवा हेतु चेतना जागृत हुई है। क्लब सदैव सेवा कार्यों के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम में क्लब के पूर्व जिला गवर्नर व वरिष्ठ समाजसेवी अतुल रतनशी शाह, केएन शर्मा , सीएल गोयल, हिमांगी कोठारी, अशोक कोठारी, श्याम बिहारी भार्गव आदि मौजूद रहे।

### गणेश विसर्जन के दौरान चाकूबाजी युवक पर हमला

**विदिशा।** गणेश विसर्जन के दौरान चाकूबाजी की घटना से तनाव फैल गया। शनिवार-रविवार की रात 2:30 बजे सिटी सेंटर के पास हेमंत राजपूत पर बदमाश रोहित ने चाकू से हमला कर दिया। घायल युवक को उसके साथी माधवगंज चौराहे पर श्री हिंदू उत्सव समिति के मंच तक ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। गुस्साई भीड़ ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। माहौल बिगड़ने के कारण झांकियों का संचालन रोकना पड़ा। माधवगंज चौराहे पर जाम की स्थिति बन गई। मंच पर मौजूद लोगों को भी हंगामे के बीच वहां से निकलना पड़ा। पुलिस ने पहले भीड़ को समझाने का प्रयास किया। लोगों के न मानने पर हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। इसके बाद मंच और चौराहे का इलाका खाली हो गया। कुछ समय बाद स्थिति सामान्य हुई और झांकियों का संचालन फिर शुरू हुआ।

### सेठ सिताबराय लक्ष्मीचंद जैन विधि महाविद्यालय के नाम से जाना जाएगा लॉ कॉलेज

# अब लॉ कॉलेज में प्रवेश की राह हुई आसान

#### पांच वर्षीय विधि पाठ्यक्रम के साथ एलएलएम भी होगा शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

शहर के एकमात्र विधि महाविद्यालय में प्रवेश की राह खुलती नजर आ रही है। यूनिवर्सिटी द्वारा इस बार जैन कॉलेज में संचालित एलएलबी में प्रवेश पर रोक लगाते हुए मान्यता खत्म कर दी थी। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के द्वारा तय किये गये मापदंड पूरे किये जाने पर अब एलएलबी में प्रवेश शुरु होने की उम्मीद जागी है।

सेठ सिताबराय लक्ष्मीचंद जैन विधि महाविद्यालय के नाम से लॉ कॉलेज को जाना जाएगा। संस्थान के संचालक सेठ संजय जैन के अनुसार एलएलबी में प्रवेश के लिए प्रक्रिया जल्दी शुरु होगी। इस बार एलएलबी प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए 160 सीट से बढ़कर 180 सीट हो गईं हैं। अभी तक जैन कॉलेज में लॉ डिपार्टमेंट था और इसी में एलएलबी पाठ्यक्रम संचालित होता रहा है। लेकिन बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने तय किया है कि देश में कहीं भी किसी भी कॉलेज में लॉ डिपार्टमेंट से एलएलबी में प्रवेश की पात्रता नहीं रहेगी। इसके लिए अलग से लॉ कॉलेज होना जरूरी है। इसलिए जैन कॉलेज में ही अलग से विधि महाविद्यालय शुरु कर दिया गया है।

> विधि महाविद्यालय के बारे में जानकारी देते हुए सेठ संजय जैन ने बताया जैन कॉलेज में अभी तक तीन वर्षीय विधि स्नातक एलएलबी ही संचालित होता रहा है। अब संस्थान प्रयास करने जा रहा है कि 12वी के बाद सीधे पांच वर्षीय विधि पाठ्यक्रम की मान्यता लेकर प्रवेश दिये जाएंगे। इसके साथ ही विधि में पीजी डिग्री एलएलबी का पाठ्यक्रम भी लाया जाएगा।




#### उच्च शिक्षा विभाग की मिली एनओसी

जैन विधि महाविद्यालय विदिशा में एलएलबी की मान्यता देने में आ रही सबसे बड़ी अड़चन दूर हो गई है। मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा सेठ सिताबराय लक्ष्मीचंद जैन विधि महाविद्यालय को एनओसी जारी कर दी गई है। गत शुक्रवार के पहले नोडल कॉलेज के प्राचार्य के द्वारा भी कॉलेज का निरीक्षण किया जा चुका है। अब विश्वविद्यालय की स्टेंडिंग कमेटी के द्वारा प्रवेश शुरु करने की अनुमति देना ही शेष रह गया है। सेठ संजय जैन के अनुसार उम्मीद है कि सोमवार को अनुमति मिल जाएगी।

#### कॉलेज में प्रवेश की अंतिम तारीख निकल चुकी है

विधि महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए 6 सितंबर अंतिम तारीख तय की गई थी। यह आखिरी राउंड था जो बीत चुका है। प्रदेश के सभी विधि महाविद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। विदिशा के जैन विधि महाविद्यालय में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय के द्वारा अलग से तारीख जारी करने के लिए एक राउंड अतिरिक्त जारी करना पड़ेगा। जैन कॉलेज को उम्मीद है कि विशेष अनुमति मिलते ही इसी राउंड में सभी सीटें भर जाएंगी। जिससे विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा।

# बावना नदी में बहे युवक का शव तीसरे दिन मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶|ग्यारसपुर

ग्यारसपुर तहसील के हैदरगढ़ थाना क्षेत्र के दैयरपुर में गुरुवार रात्रि को बावना नदी में बहे मनोज लोधी का शव तीसरे दिन परसौरा घाट पर मिला। रविवार सुबह ग्रामीणों ने नदी के घाट पर शव देखा और तत्काल राहतगढ़ पुलिस को सूचना दी।

राहतगढ़ एवं हैदरगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने शव की पहचान 45 वर्षीय मृतक मनोज लोधी निवासी सेमरा टप्पा के रूप में की। उल्लेखनीय है कि मनोज लोधी बीते गुरुवार की रात करीब 12 बजे दैयरपुर के इमलाघाट से मोटरसाइकिल सहित बावना नदी में बह गया था।

इसके बाद से लगातार एनडीआरएफ और पुलिस टीम उनकी तलाश में जुटी हुई थी। इस संबंध में जब हैदरगढ़ थाना प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शव रंजवास परसौरा के बीच बावना नदी किनारे मिला परिजनों से शव की शिनाख्त कर पीएम के लिए अस्पताल भेजा है। पीएम होने के बाद शव परिजनों को सौंपा,तीसरे दिन शव मिलने से परिजनों में शोक की लहर है। पुलिस जांच में जुटी है।

### दो अलग-अलग हादसों में दो की मौत

## खेत में महिला को करंट लगा, बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

शनिवार को दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की जान चली गई। उदयगिरि में एक महिला की करंट लगने से मौत हुई। वहीं बूढ़ी बागरोद में एक युवक की सड़क हादसे के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। उदयगिरि में 56 वर्षीय पार्वतीबाई कुशवाहा खेत पर थीं। वह मवेशियों को झटका देने वाली हल्के करंट की मशीन के संपर्क में आ गईं। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पार्वतीबाई अपने पति के साथ उदयगिरि में खेत पर रहती थीं। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बूढ़ी बागरोद की घटना में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

#### अज्ञात ने मारी टक्कर

दूसरी घटना हैदरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बूढ़ी बागरोद की है। यहां 32 वर्षीय गौतम कुशवाहा शुक्रवार शाम बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल गौतम को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। शनिवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## युवक की छेड़खानी से परेशान किशोरी ने फांसी लगाई, पढ़ाई भी बीच में छोड़ दी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा



शनिवार रात रायपुरा में एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे फंदे पर लटका देखा और पुलिस को सूचना दी, लेकिन घंटों तक कोई भी पुलिस का अधिकारी नहीं पहुंचा। रात में पुलिस ने शव को जिला अस्पताल पहुंचाया।

परिजनों के अनुसार किशोरी एक युवक की छेड़खानी से परेशान थी। इस वजह से उसकी पढ़ाई भी छूट गई थी। परिवार ने पुलिस में शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे आरोपी के हौसले बढ़ते गए। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों के आरोपों के बाद कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि शनिवार को घटना के बाद पहली बार परिजन थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## अब अनचाहे नवजात को मिलेगा 'सुरक्षित भविष्य'

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

कभी-कभी समाज में ऐसे हालात बन जाते हैं जब अनचाहे नवजात शिशु को असुरक्षित जगहों पर छोड़ दिया जाता है।

सड़क किनारे, कचरे के ढेर या झाड़ियों में मिलने वाले मासूम जीवन अक्सर अपनी पहली साँसों के साथ ही संकट में पड़ जाते हैं। ऐसे दर्दनाक हालातों से बचाने और हर नवजात को जीवन व प्यार का हक दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने एक संवेदनशील पहल की है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में




महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के सभी खंड स्तरीय शासकीय चिकित्सालयों सहित अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय एवं शिशु गृह जेल के पास पालना स्थापित किए गया है।

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के पंजीयन 15 से

**विदिशा।** खरीफ उपार्जन वर्ष 2025-26 के लिए धान की सरकारी खरीद के लिए किसानों का पंजीयन हेतु जारी कार्यक्रम के अनुसार 15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक का समयावधि निर्धारित की गई है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले के ऐसे किसान बंधु जिन के द्वारा धान की फसल ली जा रही है। उन सभी किसानों से अपील की है कि वे इस तय समय-सीमा के भीतर अपना पंजीयन करा लें। इस के लिए किसानों को निःशुल्क और सशुल्क दोनों सुविधाएं चिन्हित स्थलों पर उपलब्ध कराई गई है। किसान बंधु अपना पंजीकरण अपने पास के पंजीयन केंद्र, ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद पंचायत, एमपी तहसील कार्यालय, ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र या किसी भी निजी साइबर कैफे पर करा सकते हैं। एमपी किसान ऐप के माध्यम से भी खुद से पंजीयन कर सकते हैं। जो किसान पंजीयन नहीं करवाएंगे, वे अपनी धान की उपज समर्थन मूल्य पर नहीं बेच पाएंगे।

## युवा ब्राह्मण विकास परिषद के शपथ ग्रहण समारोह में 75 पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र दिए




हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

रविवार को युवा ब्राह्मण विकास परिषद का शपथ ग्रहण समारोह हरिपुरा स्थित लवली गार्डन में हुआ।

कार्यक्रम में मनोज कटारे, राकेश शर्मा, छत्रपाल शर्मा, अतुल तिवारी, सुजीत देवलिया, अटल तिवारी, अर्पित उपाध्याय आदि ने संबोधित किया। जिले के 75 नवीन पदाधिकारी का प्रदेश पदाधिकारियों एवं अतिथि द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर अक्टूबर माह में ब्रह्म समागम के आयोजन करना तय किया गया। साथ ही वर्षभर के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई।

कार्यक्रम में परिषद के संस्थापक पं. मानवेन्द्र शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत शर्मा, जितेन्द्र शास्त्री, प्रदेश अध्यक्ष पं. रविकांत बाला शर्मा, दीपक पाण्डेय मुदगल, अजय कटारे, भूपेन्द्र पाठक, हेमन्त शर्मा, अभिनय तिवारी गट्टू, निखिल शर्मा, प्रशांत शर्मा, विवेक शर्मा, अभिषेक आचार्य, देव हरदेनिया, अजय शर्मा, सचिन भार्गव, लकी दुबे, अमित शर्मा, कृष्णा दीक्षित, योगेश दीक्षित, देव सनोठिया, विशाल विटूशर्मा, प्रदीप शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, उत्कर्ष शर्मा, आकर्ष शर्मा, सोहित शर्मा, प्रिंस चतुर्वेदी, अनुज भार्गव, गोपाल भार्गव आदि उपस्थित रहे। स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष वागीश मिश्रा, संचालन प्रवक्ता अनुज भार्गव एवं आभार अभिषेक आचार्य ने किया।

### 2 गांजा तस्कर दबोचे न्यायालय में पेश किया

**विदिशा।** त्योंदा पुलिस ने 6 सितंबर को मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ग्राम आबूपुर कुचौली एवं ग्राम मूडरी के बीच रास्ते पर दो संदिग्ध व्यक्तियों की घेराबंदी कर दबिश दी गई। पुलिस ने लाखन मैना पिता जगन्नाथ मैना उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम मूडरी, राधेश्याम जाटव पिता दोजीराम जाटव उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम आबूपुर कुचौली की तलाशी में आरोपी लाखन मैना से अवैध गांजा बरामद किया। जब्त गांजे की कीमत 12 हजार रुपए बताई जा रही है।

### नोडल व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए

**विदिशा।** जीओटी पर पंजीकृत लोक सेवकों को ऑनलाईन प्रशिक्षण का आबंटन 15 से 19 सितम्बर के मध्य कर्मयोगी आईजीओटी पर सीखे सप्ताह का आयोजन किया जाकर उक्त आयोजन की समय-सारणी जारी की गई है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने विदिशा जिले में उल्लेखनीय कार्यो के सुव्यवस्थित रूप से संपादन के लिए अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सहायक व जिला प्रबंधक, ई-गवर्नंश सोसायटीय विदिशा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### वेयरहाउस में मसूर चुराने की कोशिश की थी

## पिकअप वाहन समेत दो आरोपी हुए गिरफ्तार, दो हो गए फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

आनंदपुर थाना क्षेत्र में हुई वेयरहाउस चोरी का पुलिस ने रविवार को खुलासा कर दिया। दरअसल, 5 सितंबर 2025 की रात चार चोरों ने गोवर्धन वेयरहाउस से 56 बोरी मसूर चोरी करने की कोशिश हुई थी।

आरोपी पिकअप वाहन से वेयरहाउस पहुंचे। उन्होंने ताले तोड़कर बोरियों को खेत में फेंक दिया। इसी दौरान रात्रि गश्त पर निकली पुलिस को संदिग्ध वाहन दिखा। पुलिस ने घेराबंदी की, लेकिन चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस ने मौके से पिकअप वाहन और मसूर की बोरियां जब्त कर लीं। एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना और वाहन नंबर के आधार पर पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों में




आशीष यादव (30) और धर्मेंद्र बाथम (25) शामिल हैं। दोनों शिवपुरी के बदरवास के रहने वाले हैं। थाना प्रभारी अनुज प्रतापसिंह के अनुसार, अभी तक ड्राइवर और एक साथी को गिरफ्तार किया गया। दो आरोपी अभी फरार हैं। यह गिरोह गुलाबगंज वेयरहाउस चोरी में भी शामिल था। आरोपी पहले सुनसान क्षेत्रों के वेयरहाउस की रेकी करते हैं। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

### विश्व ड्यूशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी जागरूकता दिवस संगोष्ठी आयोजित

## मस्कुलर डिस्ट्रॉफी कोई पक्का इलाज नहीं: डॉक्टर एमके जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

रविवार को होटल रिवर साइड इन में आइएपी द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भोपाल के ख्यातिनाम रोशन हॉस्पिटल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ राकेश सुखेजा ने बताया कि यह एक गंभीर और प्रगतिशील मांसपेशियों की बीमारी है और मुख्य रूप से लड़कों में ही पाई जाती है।

विदिशा आईएपी के अध्यक्ष डॉ एमके जैन ने बताया कि यह एक अनुवांशिक विकार है जो एक्स गुण सूत्र में विकृति के कारण होता है और मां इस बीमारी की वाहक होती है और बीमारी सिर्फ लड़कों में ही पाई जाती है।

यह मांसपेशियों की कमजोरी की बीमारी है जो पैरों और कूल्हों में की मांसपेशी से प्रारंभ होती और बाद में बढ़ती जाती है। इसमें बच्चों को चलने -फिरने, खेलने और दौड़ने, सीढ़ियां चढ़ने में कठिनाई होती है, बच्चे पंजों के बल चलते है और अक्सर गिर जाते हैं। उम्र और समय के साथ मांसपेशियां कमजोर होती जाती हैं और उनका आकार घटता जाता है। बाद में श्वसन और हृदय की मांसपेशियों में भी




समस्याएं उत्पन्न हो जाती है और जीवन जीना कठिन हो जाता है। प्रदेश की पूर्व अध्यक्ष एवं मेडिकल कॉलेज की शिशु रोग विभाग प्रमुख डॉ नीति अग्रवाल ने बताया कि यह बीमारी एक एक्स-लिंक्ड रिसेसिव अनुवांशिक विकार है। जिसका अर्थ है कि यह एक्स गुणसूत्र पर स्थित डिस्ट्रोफिन जीन में उत्परिवर्तन के कारण बीमारी होती है।

वास्तव में इसका कोई पक्का इलाज नहीं लक्षणों के आधार पर उपचार किया जाता है मुख्य रूप से फिजियोथेरेपी तथा कॉर्टिकोस्टेरॉयड की कम मात्रा तथा मैकेनिकल वेंटिलेशन से पीड़ित मरीजों के जीवन को बेहतर बनाने के प्रयास किए जाते हैं। वरिष्ठ आईएपी सदस्य डॉ आकाश जैन ने बताया कि मांसपेशियों की कमजोरी के लक्षण दिखने पर रक्त परीक्षण, मांसपेशी की बायोप्सी और आनुवंशिक परीक्षण किया जाना चाहिए।

### प्रतियोगिता में डॉल्फिन स्कूल की टीम के छात्र उपासना और सौम्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**विदिशा।** सार्वजनिक वाचनालय एवं पुस्तकालय तिलक चौक द्वारा तीन चरणों में आयोजित श्रीमद्भागवत गीता क्विज प्रतियोगिता के दूसरे एवं तीसरे चरण के कार्यक्रम हुए। विभिन्न विद्यालयों से आये छात्रों ने अपनी अध्ययनशीलता का परिचय देते हुए प्रश्नावली में पूछे गए सभी प्रश्नों का यथासंभव सही उत्तर देकर गीता के प्रति अपनी रूचि और स्मरण शक्ति का परिचय दिया। प्रतियोगिता में जिले भर से 26 टीमों ने भाग लिया। अंतिम रूप से चयनित सूची अनुसार डॉल्फिन स्कूल की टीम के छात्र उपासना जाट एवं सौम्या यादव ने प्रथम स्थान अर्जित किया।



## खबर संक्षेप

### बिजली प्रदाय रहा बंद

**गंजबासौदा।** विद्युत वितरण कंपनी शहर वितरण केंद्र द्वारा रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर दोपहर 2 बजे तक 220 केव्ही जेल उपकेंद्र से जुड़े 33 केव्ही कंजना फीडर पर आवश्यक रख रखाव कार्य किया गया। इस कारण 33/11 केव्ही कंजना उपकेंद्र से निकलने वाले तीनों औद्योगिक फीडर तथा 11 के.वी. फीडर F-1, F-2 (ड्रीम सिटी फीडर) एवं F-3 बंद रहेंगे। इससे ड्रीम सिटी कॉलोनी, हरिपुरा, पलोड़ नगर एवं अन्य संबंधित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रही।

### साइकिल सवार बच्चे को मारी टक्कर




**गंजबासौदा।** नगर के मंशापूर्ण हनुमान मंदिर गली में शनिवार को शाम के समय एक साइकिल सवार को स्कूटी सवार ने टक्कर मार दी। स्थानीय निवासी दिनेश शर्मा के बेटे ओम शर्मा को हादसे में दाहिने पैर में चोट आई है। जिसकी परिवार ने शहर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। यहां उल्लेखनीय है कि यह गली नवांकुर और डॉल्फिन स्कूल जाने का मुख्य मार्ग है। साथ ही यहां हनुमान जी का प्रमुख मंदिर भी स्थित है। दिनभर वाहनों की आवाजाही के कारण यह मार्ग व्यस्त रहता है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि गली में लगातार तेज रफ्तार से वाहन दौड़ रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने मांग की कि गली में जल्द से जल्द स्पीड ब्रेकर बनाया जाए ताकि वाहनों की गति को नियंत्रित किया जा सके। वहीं पुलिस से छोटे बच्चों द्वारा नगर में तेज गति से चलाए जा रहे दो पहिया वाहनों पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

# बेतवा नदी के रिपटा घाट पर अनेक लोगों ने किया तर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार से पितृ पक्ष प्रारंभ हो गए, इस मौके पर पंडित धर्मेन्द्र भार्गव के सानिध्य में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पितृ तर्पण किया। पंडित धर्मेन्द्र भार्गव ने बताया कि पित्र तर्पण के माध्यम से जड़ चेतन तत्वाराधना की जाती है। सर्व प्रथम देवताओं को ब्रम्हा, विष्णु, रुद्र , इन्द्रादि फिर गन्धर्व यक्ष नाग अप्सरा पर्वत, नदी, वृक्ष आदि फिर सप्त ऋषि, चार दिव्य ऋषि, चौदह यम फिर पिता के कुल को तथा माता के कुल नाना, नानी आदि फिर प्रत्यक्ष सूर्य नारायण को अर्घ तथा दशों





दिशाओं के स्वामी को तर्पणा किया जाता है। समस्त कर्म पित्रों के दैवता बिष्णु भगवान को समर्पित करते हैं जिससे प्रसन्न हो कर दैवता ऋषि तथा पितृ अनेक प्रकार के आर्शीवाद प्रदान करते है। इस अवसर पर रिपटा घाट पर अनेक लोग मौजूद थे। वहीं उदयपुर स्थित केवटन नदी पर भी दर्जनों ग्रामीणों ने पहुंचकर विधि विधान के साथ पितृ तर्पण किया। इस दौरान अनेक ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# कीचड़ से रहवासी परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


इन दिनों बारिश के मौसम में तिरंगा चौक वार्ड 21 रजोदा रोड बायपास क्षेत्र के रहवासी खासे परेशान हैं। रहवासियों ने बताया कि बारिश के दौरान उन्हे अपने घर से मुख्य सड़क के बीच कच्चे हिस्से में हो रही कीचड़ से आने जाने के दौरान खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार पैदल राहगीर और दो पहिया वाहन चालक फिसल कर घायल हो चुके हैं। कच्चे हिस्से में बड़े बड़े गड्ढों में पानी भरे होने और कीचड़ से यहां के रहवासी परेशान हैं। वहीं यहां से ट्रेक्टर, ट्राली गुजरने के दौरान उनके पहिया कीचड़ में धस रहे हैं। रहवासियों ने संबंधित विभाग से कच्चे मार्ग पर चूरी का पुराव कराए जाने की मांग की है। जिससे यहां के रहवासियों को कीचड़ से निजात मिल सके।

## रहवासियों ने दो चोरों को धर दबोचा, गिरोह सरगना और एक अन्य फरार

# चार खंभा गली में गत देर रात सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


नगर में चोरी की वारदातें हैं कि रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। एक ओर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के लिए लगातार गश्त एवं आमजन को जागरुक करने की बात कही जा रही है। वहीं दूसरी ओर नगर में आपराधिक प्रवृत्ति के लोग, शातिर चोर शहर में खुलेआम घूम रहें हैं। जिससे आमजन के मन में पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा हो रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला चोरी का सरगना और एक अन्य साथी फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार चार खंबा वाली गली में बीती रात लगभग 12 बजे योगेश शर्मा के सूने मकान को निशाना बनाकर चोरों ने बड़ी चोरी की कोशिश की। चोरों द्वारा सूने



मकान का ताला तोड़कर उसमें रखे कीमती सामान और गाड़ी को चुराने की फिराक में थे। हालांकि घर के पास रहने वाले स्थानीय नागरिकों को अजीब आवाजें सुनाई दीं, जिससे उनकी नींद खुल गई। शक होने पर जब उन्होंने शोर मचाया और मौके की ओर दौड़े, तो अफरा-तफरी में कुछ चोर मौके से भाग निकले, लेकिन दो चोरों को लोगों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद पकड़े गए चोरों धर्मेन्द्र, गुलशन को स्थानीय नागरिकों ने सिटी थाना पुलिस के हवाले कर दिया। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि पुलिस की प्रतिक्रिया बेहद सुस्त रही, जिससे नागरिकों में नाराजगी और पुलिस के प्रति संदेह का माहौल बन गया है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस प्रशासन पर



आरोप लगाते हुए कहा है कि पुलिस की लापरवाही से चोरों के हौसले बुलंद हैं। नागरिकों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। रहवासियों ने बताया कि अगर समय रहते न जागते, तो बड़ी घटना हो सकती थी। पुलिस ने चोरों के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।



## पुराने बस स्टैंड पर बाइक पुलिया में पड़ी मिली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रात्रि के समय पुराना बस स्टैंड स्थित पुलिया में एक साइन बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसकी जानकारी सुबह राहगीरों को उस समय लगी जब वह सड़क से होकर घूमने निकले। दोपहर तक बाइक पुलिया में पड़ी रही। समाचार लिखे जाने तक बाइक चालक की जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है।

# लगधा में हाट बाजार आरंभ ग्रामीणों को मिलेगा रोजगार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

त्योंदा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लगधा में रविवार को हाट बाजार का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मीनसेना जिला अध्यक्ष निर्वेश मीणा जनपद सदस्य, मुकेश पटेल, देवेंद्र रघुवंशी, अमित पटेल, गोपाल सिंह मीणा, महेश विश्वकर्मा, वीर सिंह मीणा, इरशाद भाई, रणधीर मीणा ,दिनेश पटेल, गोविंद कुशवाह, सुरेश कुशवाह सहित क्षेत्र के सभी वरिष्ठजन मौजूद रहे। बाजार के शुभारंभ अवसर पर बड़े हर्षोल्लास नाच गाने के साथ हुआ। इस मौके पर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि हमें रोजगार का अवसर मिला है।

## त्योंदा पुलिस ने पकड़े दो गांजा तस्कर, 1200 ग्राम गांजा, 1000 नगदी जब्त

**त्योंदा।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में त्योंदा पुलिस ने 2 गांजा तस्कर आरोपीगणों को गिरफ्तार कर उनसे 1200 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 12000 रुपये एवं नगदी 1000 रुपए जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी त्योंदा बबीता सिंह चौधरी के नेतृत्व में नारकोटिक्स, अवांछनीय गतिविधियों पर कार्रवाई करने हेतु टीम गठित की गई। शनिवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम आबूपुर कुचौली एवं ग्राम मूड़री के बीच रास्ते पर एक व्यक्ति पीली टीशर्ट व नीले रंग का पैंट पहने हुए एवं दूसरा आदमी सफेद रंग की शर्ट और भूरे रंग का पैंट पहने खड़े हैं। दोनों सफेद रंग के झोला मे गांजा रखे हुए हैं। मुखबिर सूचना पर तत्काल टीम द्वारा घेराबंदी कर व दबिश देकर मुखबिर के बताये हुलिये के व्यक्तियों को पकड़ा एवं नाम पता पूछा तो अपना नाम लाखन मैना उम्र 35 साल निवासी ग्राम मूड़री व राधेश्याम जाटव उम्र 38 साल निवासी ग्राम आबूपुर कुचौली बताया। आरोपी लाखन मैना के कब्जे से 1100 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं नगदी 1000 रुपए जब्त किया गया एवं आरोपी राधेश्याम जाटव के कब्जे से 100 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया एवं विधिवत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्रवाई मे त्योंदा थाना बबीता सिंह चौधरी, रामबाबू साहू, गौरीशंकर राजपूत, रविंद्र सिंह तोमर, अखिलेश शुक्ला, सुभाषचंद्र, सत्येन्द्र ठाकुर, शिवम तोमर, हरिकेश तोमर, छबिराम त्यागी, प्रवेश चौधरी, अनिल ठाकुर की विशेष भूमिका रही।



## क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत कराई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर से उदयपुर तक 16 किलोमीटर लंबे टू-लाइन मार्ग की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। इस मार्ग पर बड़ी संख्या में गड्ढे हो गए थे। बारिश के दौरान वाहन चालकों को इनसे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस मार्ग के बीच हथौड़ा, मर्दाखेड़ी, बरेठ, भाटनी और उदयपुर सहित आधा दर्जन से अधिक गांव आते हैं, यह शहर से जुड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। गड्ढों के कारण वाहन चालकों को हादसों का डर बना रहता था। लेकिन सड़क के गड्ढे भर जाने से अब वाहन चालकों को निजात मिल गई है।

## आजाद अध्यापक शिक्षक संगठन की ब्लॉक स्तरीय बैठक संपन्न

# प्रजापति बने ब्लॉक अध्यक्ष, कर्मचारियों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें नंदकिशोर प्रजापति को सर्व सहमति से ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसी दौरान संघ ने कलेक्टर कि शिक्षकों के प्रति कार्यशैली की प्रशंसा की। वहीं शिक्षक विरोधी नीतियों और आदेशों पर चिंता जाहिर की। नगर के मां शीतला धाम धर्मशाला में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष सुनील रघुवंशी ने सर्व सहमति और वरिष्ठ नेतृत्व की अनुशंसा पर शिक्षक नंदकिशोर प्रजापति को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया। नंदकिशोर प्रजापति माध्यमिक शाला ककरावदा में शिक्षक पद पर पदस्थ हैं। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की बैठक में जिला अध्यक्ष सुनील रघुवंशी ने कहा कि आजाद अध्यापक शिक्षक संघ को हमेशा ही शिक्षक हित सर्वोपरि है। वहीं शिक्षकों ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर चिंता जताई हुए टीईटी परीक्षा पर पुनर्विचार करने की।

ई अटेंडेंस को अव्यवहारिक करार देते हुए ई अटेंडेंस को बंद करने की मांग की। बैठक में चिंता जाहिर करते हुए कहा कि बेवजह मानसिक तनाव देने वाले आदेशों और नीतियों से शिक्षकों का शैक्षणिक एवं पारिवारिक जीवन प्रभावित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व विदिशा जिले के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी मंत्री लखन पटेल एवं शिक्षा मंत्री उदय प्रताप राव के समक्ष अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए विदिशा डीपीसी को हटाने की मांग की थी। इस दौरान अरुण रघुवंशी, नारायण सिंह रघुवंशी, मनीष कपूर, टीकाराम प्रजापति, रेवाराम सेन, नवल दास कोरी, रामबाबू रघुवंशी, गोपाल सिंह दांगी, मनोज नामदेव, हेमंत रघुवंशी, देवेंद्र सिंह कुशवाह, राजकुमार गौर, अमित चौकसे, काशीराम मालवीय, वृंदावन कुर्मी, रामकृष्ण प्रजापति, महेश बाबू, हरिशंकर कुशवाह, लक्ष्मी प्रसाद कुशवाह, जय सिंह कुर्मी, विजय नामदेव, देवचंद अहिरवार, जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा, स्वरूप मोंगिया सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

# महावीर विहार में दस दिवसीय श्रावक संस्कार शिविर संपन्न






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भगवान महावीर विहार में 10 दिवसीय पर्यूषण पर्व के समापन के उपरांत सकल जैन समाज द्वारा क्षमावाणी महोत्सव का आयोजन किया गया ।

संत भवन में विराजमान आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के शिष्य एवं नवाचार्य समय सागर महाराज के आशीर्वाद से मुनि संभव सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में क्षमा वाणी महोत्सव मनाया गया। विधायक हरिसिंह रघुवंशी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जादौन, प्रेम नारायण विश्वकर्मा, बासौदा व्यापार महासंघ अध्यक्ष विपिन तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय यादव, जितेंद्र मीणा, एसडीएम संतोष बिटोलिया, तहसीलदार अरविंद यादव, शहर थाना प्रभारी संजय बेदिया, जनपद सीईओ तपस्या जैन, डीएसपी मयंक जैन, तहसीलदार आनंद कुमार जैन सहित गणमान्य नागरिक एवं सकल जैन समाज क्षमावाणी महोत्सव में सम्मिलित हुए। निर्यापक मुनि संभव सागर महाराज के सान्निध्य में आयोजित दस दिवसीय श्रावक संस्कार शिविर में नगर के शिविरार्थियों के अलावा नागपुर, गोटेगांव, भोपाल, विदिशा, पठारी, सिरनोटा, बीना,राजगढ़, सागर, जैसीनगर, शाहगंज, शाहपुर, गणेशगंज आदि स्थानों शिविरार्थीयों ने शिविर में सांसारिक जीवन और परिग्रह का त्याग कर त्यागी वृतियों जैसा जीवन व्यतीत किया।

इसमें कम से कम 24 घंटे में एक समय भोजन, पानी के अलावा मोबाइल का त्याग करना अनिवार्य था। जिन शिविरार्थियों ने कठिन तपस्या करते हुए 10 उपवास 9 उपवास , 8 उपवास 7 उपवास 6 उपवास 5 उपवास किए उनका सम्मान जैन समाज द्वारा किया गया। शिविर के पुण्यार्जक बनने का सौभाग्य जयंती बाई, राजेन्द्र जैन, सुनील जैन, सुशील जैन समस्त चार्ली चाट परिवार को प्राप्त हुआ। स्थानीय महावीर विहार में मूलनायक श्री पारसनाथ भगवान का भव्य एवं विशाल पाषाण द्वारा निर्मित जिनालय का निर्माण किया जाएगा। नवीन जिनालय की प्रतिकृति मॉडल का लोकार्पण सुनीता अनिल कुमार, प्रियंका अमित कुमार जैन नागरिक बैंक परिवार द्वारा किया गया।

मंदिर निर्माण के लिए सबसे पहले सहयोग करने की भावना विधायक हरिसिंह रघुवंशी द्वारा 11 शिला, डॉ. विमल चंद ,राजीव कुमार ओसवाल द्वारा 11 शिला, विमलचंद, राजीव कुमार, सुमित कुमार सतभैया परिवार 11 शिला, भानु कुमार रामकुमार नवीन कुमार सिरनोटा परिवार द्वारा 11 शिला, समीक्षा पुत्री संजय जैन पीकलोन परिवार द्वारा घोषणा की गई। वहीं उपस्थित अतिथियों द्वारा भी मंदिर निर्माण हेतु शिलाओं की घोषणा आयोजन स्थल पर मुनि संघ के समक्ष प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान मुनिश्री के क्षमावाणी विशेष, मंगल प्रवचन सुनने का सौभाग्य उपस्थित श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में जैन समाजबंधु मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 14 को मनवानी फिल्म्स करेगा शिक्षकों का सम्मान आयोजन

**सागर ।** शिक्षक दिवस पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मनवानी फिल्म्स सिन्धु संस्कार का वार्षिक समारोह 14 सितंबर रविवार को मनाया जायेगा । सिंधी समाज के प्रथम गुरु प्राचार्य गोविंदराम मनवानी के जन्मोत्सव पर शिक्षकों



का सम्मान प्रति वर्ष होता आ रहा है यह कार्यक्रम का 25 वां वर्ष है । सिंधी कॉलोनी मनवानी गली में सिन्धु संस्कार समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसमे यह निर्णय लिया गया की शिक्षक दिवस नीति निर्माताओं, चिकित्सकों और जनता को अधिक साक्षर, न्यायपूर्ण, शांतिपूर्ण और टिकाऊ समाज बनाने के लिए साक्षरता के महत्वपूर्ण महत्व की याद दिलाई जा सके। बैठक में मनवानी फिल्म्स डायरेक्टर राजेश मनवानी, सुनील मनवानी, शंकर मोटवानी, अनिल गंगवानी, हरगोविंद विश्व, डॉ.गजाधर सागर, समाजसेवी चम्पक भाई जैन, महेशदत्त त्रिपाठी, अधिवक्ता महेश नेमा आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर मनवानी फिल्म्स के डायरेक्टर राजेश मनवानी ने कहा कि शिक्षक ही ऐसी कृति है जो युगों-युगों तक याद की जाएगी। शिक्षक ही ऐसा व्यक्तित्व है जो समाज की पीढ़ियों की चिंता करता है।

### प्रत्येक मंगलवार को सभी कार्यालय में आयोजित हो समीक्षा बैठक

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए की प्रत्येक मंगलवार को समीक्षा बैठक आयोजित की जाए जिसमें सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे और उनको सोमवार को आयोजित होने वाली समय सीमा बैठक के संबंध में दिए गए निर्देश की जानकारी दी जावे एवं उनका पूरे करने के लिए समय सीमा सुनिश्चित की जावे। कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि जिलेवासियों की समस्याओं के निदान करने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं और उनके समस्याओं का निदान समय सीमा में हो इसके लिए सभी विभाग अधिकारी लगातार कार्य करें उन्होंने कहा कि सोमवार को आयोजित होने वाली कलेक्टर कार्यालय में समय सीमा बैठक में महत्वपूर्ण निर्देश दिए जाते हैं उनके पालन प्रतिपालन के लिए मंगलवार को बैठक आयोजित करें ।

### पितृपक्षः मानसरोवर तालाब पर पहुंचे श्रद्धालु

**ग्यारसपुर।** पितृपक्ष के प्रारंभ होते ही ग्यारसपुर के ऐतिहासिक मानसरोवर तालाब पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। तालाब के पावन तट पर नगरवासियों ने स्नान कर भगवान सूर्य नारायण की ओर मुख कर अपने पितरों को जल अर्पित कर तर्पण किया। पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के साथ प्रतिष्ठित वेदपाठी ब्राह्मण शुभम शर्मा ने श्रद्धालुओं से तर्पण कराया। पितृपक्ष का शुभारंभ आज पूर्णिमा से हुआ है, जो आश्विन अमावस्या तक चलेगा। ग्राम के वरिष्ठ समाजसेवी भगवान सिंह कुशवाह ने बताया कि मानसरोवर तालाब का धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व प्राचीन समय से बना हुआ है। तालाब के किनारे राम-जानकी मंदिर, कमलेश्वर महादेव मंदिर, हनुमान जी महाराज और बांके बिहारी मंदिर स्थित हैं। मान्यता है कि यहां स्नान करने और तर्पण करने से श्रद्धालुओं को गया जी की तरह ही पुण्यफल की प्राप्ति होती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मानसरोवर तालाब सार्वजनिक है और पुरातत्व विभाग की धरोहर है। लेकिन नगर के कुछ लोगों द्वारा तालाब में सिंघाड़े लगाए जाने से पानी गंदा हो रहा है।

---

### नपा कार्यालय के नीचे गरीबों के साथ आए दिन हो रहा अभद्र व्यवहार, फिर भी अधिकारी चुप

# आधार ऑपरेटर ने छीने गरीबों के तन के कपड़े! क्या प्रशासन दिला पाएगा गरीबों को उनका हक?

### *गरीबों को मिलता था सहारा तो आम नागरिकों को भी इन गरीबों के मुंह से मिलती थी हजारों दुआए*





**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज**

शहरी एंव ग्रामीण क्षेत्रो के गरीब, मजदूर, बेसहारा बुजुर्ग, महिला, पुरूष व बच्चो का एक मात्र सहारा नैकी की दीवार शासन व स्थानीय प्रशासन या फिर नगर पालिका परिषद सिरोंज में इन गरीबो के लिए बनाया गया एक मात्र छोटा सा आसरा भी छीन लिया। उक्त नैकी की दीवार से इन गरीबो को अपना तन ढकने के लिए कपडें मिल जाते थें। लेकिन स्थानीय प्रशासन व आधार ऑपरेटर द्वारा गरीबो के तन के कपडें भी छीन लिए गए। मामला यह है पिछले वर्षो में नगर पालिका परिषद के कार्यालय के नीचे नैकी की दीवार तैयार की गई थी। उस नैकी की दीवार पर नपा द्वारा सुविधा दी गई थी कि जिसमें शहर के नागरिको द्वारा अपने पुराने कपडें यहा लाकर तांग दिए जाते थे। वही प्रतिदिन अनेको नागरिक अपने पुराने कपडें इस दीवार पर तांग दिया करते थें।

#### आधार ऑपरेटर द्वारा गरीबों के साथ की जाती है बदतमीजी

इस दीवार पर रात्रि व सुबह प्रात काल के समय शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक अपना तन ढकने के लिए अपने साइज के हिसाब से यहा से कपडें ले जाया करते है। तो वही जो गरीब,मजदूर व्यक्ति जहा से कपडें लेकर जाते थे वह साथ में यहा पर कपडें रखने वाले नागरिको को हजारो दुआएं देते थें। लेकिन एक छोटे से आधार केन्द्र के खुलने से इन गरीबो का सहारा इनसे छिन लिया गया। अभी भी यह हाल है कि नगर पालिका परिषद के नीचे जो आधार कार्ड केन्द्र खुला है जहा नैकी की दीवार थी वहा पर आज भी वहा भीड लगी देखकर कई गरीब व्यक्ति पहुचतें है और वह जब आधार कार्ड केन्द्र संचालक से पूछते है कि भैया यहा पर कपडें तंकते है वह कहा है। जिस पर आधार के संचालक द्वारा इन गरीबो के साथ बत्तमीजी के साथ पेस आकर कहा जाता है कि यहा तुझे कहा कपडें लटके दिख रहे है। चल निकल जहा से नही तो में अभी तुझे ही यहा लटका दुंगा। सेंटर संचालक के डर के मारे गरीब व्यक्ति उसके हाथ पैर जोडकर अपनी जान बचाकर चुपचाप वापस लौट जाते है।

#### नेकी की दीवार को तोड़कर बना दिया आधार केन्द्र

नगर पालिका परिषद सिरोंज के नीचे पहले एक नेकी की दीवार होया करती थी। जिसमें शहर के नागरिक अपने पुराने कपडें जरूरतमंदो के लिए उक्त नैकी की दीवार पर रखा करते थें। जिससे कडकडाती सर्दी के मौसम में गरीब व जरूरतमंदो को सर्दी से बचाव के लिए कपडें मिल जाते थे। लेकिन उक्त नैकी की दीवार को हटाकर उसके स्थान पर लगभग एक दो वर्ष से आधार संसोधन केन्द्र संचालित किया जा रहा है। नैकी की दीवार हट जाने से मजबूरन गरीब जरूरतमंदो को नागरिको के घरों पर जाकर सर्दी से बचाव के लिए पुराने कपडें व कंबल मांगने पडतें है। यह समझ के परे है कि आखिर स्थानीय प्रशासन की ऐसी क्या मजबूरी थी कि नपा द्वारा उक्त नैकी की दीवार को तोडकर एक तम्बो बनाकर आधार कार्ड सेंटर संचालित करना पडा।

#### वाहनों को साइड में कर जाना पड़ता है कार्यालय में

नगर पालिका परिषद कार्यालय के नीचे आधार केन्द्र संचालित होने से अपने आधार में संशोधन के लिए आने वाले नागरिको को लाइन में खडें होकर अपना काम कराना पडता है। जिससे यह लाइन काफी लंबी होने से आवागमन करने वाले राहगीरो व वाहन चालको को काफी परेशानियो का सामना करना पडता है। साथ ही नगर पालिका कार्यालय के बाहर काफी मात्रा में वाहन खडें होने से नपा कार्यालय में अपना कार्य कराने आने वाले नागरिको को कार्यालय से काफी दूर अपने वाहनो को खडा कर जाना पडता है। क्योकि देखा जाए तो आधार कार्ड में संशोधन कराने आने वाले नागरिक अपने वाहनो को केन्द्र के बाहर ही खडा कर देते है जिससे नपा कार्यालय में जाने के लिए भी नागरिको को जगह नही मिल पाती। मजबूरन नागरिको को वाहनो को साइड में करकर निकलना पडता है।

#### जानकारी के अभाव में आम नागरिक दे रहे मनचाही राशि

नगर में संचालित अधिकांश आधार संशोधन केन्द्र ऐसे है जहा किसी प्रकार की कोई रेट लिस्ट नही लगी है। जिससे अपने आधार में संशोधन व नया आधार कार्ड बनवाने आने वाले नागरिको को यह भी पता नही होता कि उनको अपने आधार में संशोधन कराने के लिए कितनी राशि देना होगा। तो वही रेट लिस्ट न होने से गरीब व्यक्ति जानकारी के अभाव में अपना काम कराने के लिए 100 से 200 रूपये भी दे देते है। इतना ही नही यदि किसी व्यक्ति को बिना लाइन में खडें होकर अपना काम जल्द कराना है तो ऑपरेटर द्वारा उक्त व्यक्ति से मनचाही राशि की मांग की जाती है। मजबूरन उक्त व्यक्ति को ऑपरेटर को मनचाही राशि देकर अपना काम कराना पडता है। क्योकि हर व्यक्ति चाहता है कि उस काम जल्द हो जाए। जिसका फायदा आधार ऑपरेटर बखूबी उठा रहें है।

#### इनका कहना है

शासन व स्थानीय प्रशासन द्वारा नगर में जो आधार केन्द्र प्रारंभ किए गए है वह काफी अच्छी बात है। लेकिन नगर पालिका कार्यालय के नीचे स्थित नेकी की दीवार को हटाकर जो आधार केन्द्र संचालित किया जा रहा है वह गलत है। जिस नैकी दीवार से हजारो गरीब व्यक्ति अपने तन को ढकने के लिए कपडें जहा से लेकर जाते थे। वह नागरिक आज यहा वहा भटकते नजर आते है। स्थानीय प्रशासन को उक्त स्थान से आधार केन्द्र को हटाकर पुनः नैकी की दीवार बनाना चाहिए जिससे गरीब व लचार व्यक्तियो को मदद मिल सकें।

**हबीब मंसूरी,** वरिष्ठ समाजसेवी सिरोंज।

एक तरफ शासन द्वारा गरीबो के हितो में अनेको योजनाएं चलाई रहा है और गरीबो को लाभ देने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन सिरोंज में उन गरीब,मजदूर व्यक्तियो का हक अधिकारियो की नाक के नीचे ही छीना जा रहा है। फिर भी अधिकारियो की नींद नही खुल रही है। नपा कार्यलय के नीचे स्थित नैकी की दीवार को हटाकर जो आधार केन्द्र संचालित किया जा रहा है। वह गलत है उक्त आधार केन्द्र को अन्य किसी स्थान पर संचालित किया जाना चाहिए और उक्त स्थान पर पहले की तरह नैकी की दीवार बनाई जाना चाहिए। साथ ही आधार ऑपरेटर द्वारा जिस तरह गरीबो के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है वह भी गलत है कई बार देखा गया है कि जब भी कोई गरीब व्यक्ति उक्त नैकी की दीवार पर कपडें लेने के लिए पहुचता है और नैकी की दीवार नही दिखने पर जब वह व्यक्ति आधार ऑपरेटर से नैकी की दीवार के बारे में पूछता है तो ऑपरेटर द्वारा गरीबो के साथ बत्तमीजी के साथ बात की जाती है। साथ ही अभद्र व्यवहार कर इन गरीबो को वहा से भगा दिया जाता है।

**कमलेश कुशवाह** वरिष्ठ समाजसेवी सिरोंज।

पूर्व में पहले वहा पर नेकी की दीवार थी। लेकिन कुछ वर्ष से उस स्थान पर आधार सेंटर संचालित हो रहा है। आधार सेंटर संचालित करने के अनुमति उस समय जो अधिकारी थे उन्होने दी होगी। इसकी मुझे जानकारी नहीं है। मैं नपा कर्मचारियों से जानकारी लेकर ही स्पष्ट जानकारी दें पाउंगा।

**राम प्रकाश साहू,**
सीएमओ नगर पालिका परिषद सिरोंज।

---

## सागर के 5 शिक्षक शिक्षा रत्न सम्मान से हुए सम्मानित

**सागर।** दुष्यंत संग्रहालय, भोपाल में मेरा विद्यालय - मेरी पहचान अभियान अंतर्गत विद्यालय को आनंद घर के रूप में रूपांतरित करने के लिए कार्यरत शिक्षक संदर्भ समूह 15 वें स्थापना दिवस एवं शिक्षा रत्न सम्मान समारोह-2025 में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री ने नवाचारी और उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित । सागर जिले के 5 शिक्षकों संजय श्रीवास्तव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौर नगर, कृष्णा साहू शासकीय माध्यमिक शाला चितौरा, विजय सिंह गौड़ प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला रिछा विकास खंड मालथौन, दीपा अहिरवार शासकीय हाई स्कूल बरौदा, शिव कुमार पाटकर केसली को शिक्षा रत्न सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया ।

## जिला स्तरीय युवा उन्नयन कार्यशाला संपन्न

**विदिशा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ, जिला विदिशा द्वारा जिला स्तरीय एक दिवसीय युवा उन्नयन कार्यशाला का सफल आयोजन रविवार, 7 सितम्बर 2025 को गायत्री शक्तिपीठ, राजीव नगर (देहात थाने के पास) में संपन्न हुआ।कार्यशाला का उद्देश्य 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के संस्कारी, जागरूक और उत्साही युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विकास के साथ समाज व राष्ट्र के लिए सकारात्मक योगदान हेतु प्रेरित करना था। साथ ही सेवा भावना, संयम और स्वावलंबन के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाना इस कार्यशाला का प्रमुख लक्ष्य रहा।यह कार्यक्रम आगामी भोपाल में प्रस्तावित प्रांतीय युवा चिंतन शिविर की तैयारी का एक महत्वपूर्ण अंश था।

## रिद्धि सिद्धि के दाता भगवान श्रीगणेश को भक्तों ने नम आंखों से विदाई दी

### प्रशासन ने अलग-अलग स्थान पर विसर्जन की व्यवस्था की

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई**

दस दिन चले गणेशोत्सव पर्व पर भक्तों ने भगवान गजानन की भक्ति भाव के साथ हवन, पूजा अर्चना की। गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आना के उदघोष से के साथ भगवान गजानन की प्रतिमाओं का विसर्जन किया ।

10 दिन तक चले गणेश उत्सव पर्व को लेकर भक्तों में खासा उत्साह रहा। क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह सप्रे ने सुबह से नगर एवं घाटों पर जा कर विसर्जन की व्यवस्था को देखा एवं अधिकारियों को परंपरागत अनुसार भक्ति भाव से विसर्जन की व्यवस्था करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। अनंत चतुर्दशी पर गणपति विसर्जन के पूर्व नगर में गणेश उत्सव समितियों ने ढोल ताशे की थाप पर चल समारोह निकला। जिसमें डीजे, बैंड पार्टी के साथ ही भजन मंडली भगवान गजानन के भजन गाते हुए चल रहे थे। पूरा नगर भक्ति भाव के रंग में रंग गया। भगवान गणपति की सेवा में लगे भक्तों ने क्षेत्र की सुख,समृद्ध की कामना कर धूमधाम से प्रतिमाओं का विसर्जन किया। विसर्जन को लेकर प्रशासन द्वारा छोटी प्रतिमाओं के लिए नहर वाले हनुमान जी के मंदिर के पीछे वेतवा नदी घाट पर व्यवस्था की गई थी। साथ ही बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए बीना नदी पर क्रेन के माध्यम से विसर्जन की व्यवस्था की गई थी । विसर्जन के लिए टीआई पंकज गीते पुलिस बल के साथ पूरे समय घाटों पर बने रहे। पुलिस के जवान विसर्जन में भक्तों का सहयोग करते नजर आए।वही घाटों पर कोई अप्रिय स्थिति नहीं बने इसको लेकर प्रशासन ने नाव के साथ आपदा मित्र और गोताखोरों को भी तैनात किया गया।

## पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन जैन समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

**शमशाबाद।** जैन समाज का प्रमुख पर्व पर्यूषण आज संवत्सरी प्रतिक्रमण के साथ सम्पन्न हो गया। अंतिम दिन जैन समाज की ओर से शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।सुबह से ही मंदिरों में विशेष पूजन और प्रवचन आयोजित हुए। पालकी सजाकर प्रभु महावीर के जयकारों के साथ नगर में शोभायात्रा निकाली गई। महिलाएं मंगल गीत गाती हुई शामिल हुईं, वहीं बच्चे धार्मिक वेशभूषा में आकर्षण का केंद्र बने रहे। शोभायात्रा के दौरान आपसी क्षमा और सौहार्द का आह्वान किया। जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत पुष्पवर्षा और जलपान से किया गया। पर्यूषण पर्व हमें संयम, करुणा और क्षमा का संदेश देता है। यह सिर्फ जैन समाज ही नहीं बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा है।

## सुबह 4 बजे तक हुआ मूर्तियों का विसर्जन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद**

दस दिन चले गणेशोत्सव का समापन हुआ। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन पूरे उत्साह और भक्तिभाव के साथ किया गया। शहर की गलियां और चौक गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठीं।

सुबह से ही घरों और पंडालों से गणपति प्रतिमाओं की शोभायात्राएं निकलीं। डीजे, ढोल-ताशों और बैंड-बाजों की थाप पर भक्त नाचते-गाते हुए गणपति को ट्रैक्टर ट्रॉली में फूल मालाओं व रंग बिरंगी रोशनी के साथ भगवान गणेश को जयकारों के साथ विसर्जन स्थल पहुंचे। सुबह 4 बजे तक हुआ मूर्तियों का विसर्जन



#### प्रशासन रहा अलर्ट

सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा। वहीं तहसील तहसील कार्यालय द्वारा 30 चौकीदार व 12 पटवारियों की ड्यूटी लगाई गई जो पूरे समय नगर में विसर्जन स्थल सहित चौक चौराहों पर मुस्तैद रहे।नगर परिषद ने विसर्जन घाटों पर साफ-सफाई और रोशनी की विशेष व्यवस्था की लाइट जाने पर जनरेटर रखा गया,बड़ी मूर्ति विसर्जन के लिए भोपाल से क्रेन मंगाई गई। भक्तों ने ढोल-नगाड़ों के बीच बप्पा से सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ गणपति बप्पा को विदाई दी गई। एसडीएम अजय प्रताप सिंह, तहसीलदार प्रेमलता पाल, नायब तहसीलदार दर्शन लाल नेगी, सीएमओ अनिल विदुआ,नगर निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार, एस आई प्रकाश भिलाला पूरे समय अपनी अपनी टीमों के साथ विसर्जन स्थल सहित नगर में भ्रमण करते रहे।

पूरे नगर में पुलिस विभाग, वन विभाग, चौकीदार, पटवारियों,नगर परिषद कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी सभी के सहयोग से भगवान गणेश प्रतिमाएं का विसर्जन शांति पूर्ण हो गया।

**बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. नागौर**

पंजीयन क्रमांक 188/24.03.67 — दिनांक: 06.09.2025

**वार्षिक साधारण आमसभा**

बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति नागौर के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनाँक 22/09/25, दिन सोमवार को समय दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय गोदाम भवन नागौर में आयोजित की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटा पश्चात् 12.30 बजे होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है, बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

**जसवंत सिंह रघुवंशी**, समिति प्रबंधक, नागौर — **एम.एस. भदौरिया**, समिति प्रशासक, नागौर

**बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. आमखेड़ा सूखा**

पंजीयन क्रमांक 202/30.6.1967 — दिनांक: 06.09.2025

**वार्षिक साधारण आमसभा**

बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति आमखेड़ा सूखा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनाँक 20/09/25, दिन शनिवार समय दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय गोदाम भवन आमखेड़ा सूखा में आयोजित की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटा पश्चात् 12.30 बजे होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है, बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

**कमलसिंह यादव**, समिति प्रबंधक, आमखेड़ा सूखा — **एम.एस, भदौरिया**, समिति प्रशासक, आमखेड़ा सूखा

**बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. सेऊ**

पंजीयन क्रमांक 24/24.3.1967 — दिनांक: 06.09.2025

**वार्षिक साधारण आमसभा**

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सेऊ के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनाँक 20/09/25, दिन शनिवार को समय दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय गोदाम भवन सेऊ में आयोजित की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटा पश्चात् 12.30 बजे होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है, बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

**रामचरण शर्मा**, समिति प्रबंधक, सेऊ — **एम.एस. भदौरिया**, समिति-प्रशासक, सेऊ

**बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. नटेरन**

पंजीयन क्रमांक 158/16.02.1967 — दिनांक: 06.09.2025

**वार्षिक साधारण आमसभा**

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति नटेरन के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनाँक 11/09/25, दिन गुरूवार को समय दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय गोदाम भवन नटेरन में आयोजित की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटा पश्चात् 12.30 बजे होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है, बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

**ग्रीष्मा वासनिक**, समिति प्रबंधक, नटेरन — **एम.एस. भदौरिया**, समिति प्रशासक, नटेरन

**बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बूधौर**

पंजीयन क्रमांक 36/24.03.1967 — दिनांक: 06.09.2025

**वार्षिक साधारण आमसभा**

बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बूधौर के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनाँक 22/09/25, दिन सोमवार को समय दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय गोदाम भवन जोहद में आयोजित की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधी घंटा पश्चात् 12.30 बजे होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है, बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

**सुरेन्द्र सिंह राजपूत**, समिति प्रबंधक, बूधौर — **एम.एस. भदौरिया**, समिति प्रशासक, बूधौर

**बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. पमारिया**

पंजीयन क्रमांक 464/10.12.1992 — दिनांक: 06.09.2025

**वार्षिक साधारण आमसभा**

बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पमारिया के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनाँक 24/09/25, दिन बुधवार को समय दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय गोदाम भवन पमारिया में आयोजित की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटा पश्चात् 12.30 बजे होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है, बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

**कैलाश बाबू अहिरवार**, समिति प्रबंधक, पमारिया — **एम.एस. भदौरिया**, समिति प्रशासक, पमारिया

**बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. ताजखजूरी**

पंजीयन क्रमांक 71/16.02.1967 — दिनांक: 06.09.2025

**वार्षिक साधारण आमसभा**

बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति ताजखजूरी के समस्त, अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनाँक 22/09/25, दिन सोमवार को समय दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय गोदाम भवन ताजखजूरी में आयोजित की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटा पश्चात् 12.30 बजे होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है, बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

**चन्द्रेश रघुवंशी**, समिति प्रबंधक, ताजखजूरी — **एम.एस. भदौरिया**, समिति प्रशासक, ताजखजूरी

**बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. रावन**

पंजीयन क्रमांक 29/30.06.1967 — दिनांक: 06.09.2025

**वार्षिक साधारण आमसभा**

बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति रावन के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनाँक 20/09/25, दिन शनिवार को समय दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय गौदाम भवन रावन में आयोजित की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटा पश्चात् 12.30 बजे होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है, बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

**अखिलेश शर्मा**, समिति प्रबंधक, रावन — **एम.एस. भदौरिया**, समिति प्रशासक, रावन

## पांच माह में जिला अस्पताल पहुंचीं 1500 से अधिक प्रसूताएं, 190 में खून की कमी

# चिंता : प्रसव से पहले खून चढ़ाने की पड़ रही जरूरत, अन्यथा जच्चा-बच्चा दोनों पर खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

प्रसूता महिलाओं में ज्यादातर एनीमिया की शिकायतें बढ़ रही हैं, जिससे परिजन और प्रसूताएं तनाव में रहती हैं। गायनिक एक्सपर्ट डॉक्टरों के मुताबिक ऐसी स्थिति में प्रसूताओं में खून की कमी होने पर उन्हें ब्लड चढ़ाने के लिए परिजनों को सलाह दी जा रही है। अन्यथा खून की कमी के कारण जच्चा बच्चा दोनों के लिए हरदम जान का खतरा बना रहता है।

देवनगर के सीतापार की शांति रावत गेंहूरास गैरतगंज की मालती देवी प्रसव पीड़ा के बाद स्वास्थ्य केंद्र गैरतगंज अस्पताल, देवनगर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती हुई। वहां उसने नवजात को जन्म दिया। इसके बाद प्रसूताओं की तबीयत बिगड़ी और उन्हें वहां से जिला अस्पताल के प्रसूति वार्ड रेफर कर दिया गया। यहां पहुंचने पर महिला डॉक्टरों ने भर्ती कर इलाज शुरू किया। लेकिन प्रसूताओं में खून की कमीं थी। उसका सामान्य प्रसव कराना किसी खतरे से कम नहीं था।

### बेअसर साबित हो रही ये योजनाएं

- आंगनबाड़ी केंद्रों में पौष्टिक आहार का वितरण।
- गांवों में गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण।
- नियमित रूप से जरूरी दवाओं का वितरण।
- खानपान के लिए मिलती है पांच हजार रुपए की राशि।




यह तो महज एक उदाहरण है। जिले में इस तरह से कई प्रसूताएं खून की कमी से जूझ रही हैं और प्रसव के दौरान उन्हें तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि एक तिहाई प्रसूताओं को खून चढ़ाने के बाद प्रसव कराना पड़ता है। फिर भी उन्हें बचा पाना संभव नहीं होता है।

### नवजात शिशु पर पड़ता है सीधा असर....

यदि प्रसूता महिला कमजोर और कुपोषित है तो इसका सीधा असर गर्भ में पल रहे नवजात शिशु पर पड़ता है। इसी का नतीजा है कि माह अप्रैल से सितंबर 2025 तक 25 से ज्यादा नवजातों ने दुनिया ही नहीं देखी। जन्म लेने से पूर्व गर्भवतियों के पेट में ही शिशुओं का दम घुट गया। नवजात शिशुओं का गर्भ में मौत हो जाना भी गर्भवती महिलाओं में अन्य कई कारणों के साथ खून की कमी होना अहम कारण माना जाता है।

### प्रसव से पहले लगते हैं झटके

वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सुनीता अतुलकर का कहना है कि प्रसव से पूर्व लगते हैं झटके। यह अवस्था उनके लिए जानलेवा साबित हो रही है। महिला चिकित्सकों की अगर हम माने तो अप्रैल महीने से अभी तक सितंबर माह के पहले सप्ताह तक 100 से ज्यादा प्रसूताओं को ऐसे झटके आए हैं। इनका प्रसव चुनौती भरा रहा है। चिकित्सा विशेषज्ञों ने इसे खतरा भरा बताया है।उनका यह दावा है कि झटका उन्हीं महिलाओं को आता है जिन में खून की कमी रहती है। इससे जच्चा बच्चा दोनों को खतरा बढ़ जाता है।

### 190 गर्भवती महिलाओं में सामने आई खून की कमी

*जिला अस्पताल के प्रसूति वार्ड में प्रसव के लिए ज्यादातर प्रसूताएं एनीमिक पहुंची हैं। प्रसव के पहले उनको खून चढ़ाने की जरूरत पड़ रही है। अप्रैल से अगस्त माह यानी 5 महीने के दौरान प्रसूति वार्ड में 1500 से अधिक प्रसव हुए हैं। जांच के दौरान करीब 190 में खून की कमी सामने आई है। प्रसूताओं में खून की कमीं होने के चलते अधिकांश नवजातों का गर्भ में ही दम घुट जाता है। खून की कमी होने से प्रसूताओं को प्रसव से पहले ब्लड चढ़ाया जा रहा है, उसके बाद उनका प्रसव कराया जाता है।*

### इनका कहना है

जिला अस्पताल पहुंचने वाली प्रसूताओं में खून की कमी देखने को मिल रही है। गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा जागरूक किया जाता है।

- **शबाना खान,** गायनिक जिला अस्पताल

## तेज रफ्तार यात्री बस ने मां और बेटी को रौंदा, हुई मौत

### एक बालक गंभीर घायल, चल रहा इलाज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के थाना देवनगर के तहत कस्बा नकतरा में रविवार की शाम करीब 6 बजे सागर से भोपाल जा रही यात्री बस एमपी 15 पीए-0486 के चालक द्वारा तेज स्पीड से चलाते हुए घर के सामने बैठी महिला 35 वर्षीय रेखा उर्फ संतरा बाई पत्नी जितेंद्र लोहपीटा और उसकी नवजात बालिका, भतीजा दीपक और बाइक को चपेट में लेकर लगभग 40 से 50 मीटर दूरी तक घसीटते हुए ले गई।

इस भीषण सड़क दुर्घटना में मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि भतीजा 7 वर्षीय राजू लोहपीटा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही नाराज भीड़ ने जमकर हंगामा किया।

तहसीलदार भरत मांडवे, देवनगर थाना प्रभारी हरिओम अस्ताया ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को समझाइश देकर शांत कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि बस सागर से भोपाल की तरफ जा रही थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज गति से दौड़ रही यात्री बस के ड्राइवर के सामने अचानक एक गाय आ गई। गाय को बचाने की कोशिश में घर के सामने खड़ी बाइक को अपनी चपेट में लिया। तो बस बेकाबू हो गई और बस ने घर के सामने बैठी मां बेटी और भतीजे को भी अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर भी मां बेटी की मौत हो गई थी।

## खबर संक्षेप

### पुजारी और डोल विमानों को किया सम्मानित

**रायसेन।** शहर के महामाया चौक पर श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। श्री हिउस के अध्यक्ष अनिल चौरसिया भी मौजूद रहे। जिला पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमना सेन विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। मंचासीन अतिथियों ने भगवान गणेश के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष अनिल चौरसिया और समिति पदाधिकारियों ने फूलमालाओं से अतिथियों का स्वागत किया। श्री गणेश उत्सव समितियों के झांकी अध्यक्षों को शीलड़ें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शहर के सभी मंदिरों के पुजारी, मानस मंडल के प्रमुख और गणेश उत्सव समितियों के अध्यक्षों को सम्मानित किया गया। वहीं उत्कृष्ट कार्य को लेकर नगर पालिका सीएमओ सुरेखा जाटव, यातायात प्रभारी लता मालवीय और बिजली कंपनी के शहरी अधिकारी प्रांजल शर्मा को भी पुरस्कृत किया गया।

### कृषि उपज मंडी में आज बैठेगी किसान पंचायत

**रायसेन।** किसान जागृति संगठन द्वारा सोमवार 8 सितंबर को सुबह ग्यारह बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण में किसान पंचायत बुलाई जाएगी। संगठन के जिलाध्यक्ष रंजीत यादव, कार्यालय मंत्री विजय चौकसे ने बताया कि किसानों की समस्याओं, रबी, खरीफ फसल बीमा क्लेम, मकोडिया डैम निर्माण सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## हकीमखेड़ी के ग्रामीणों ने एकत्रित राशि और दवाईयां बाढ़ पीड़ित पंजाब भेजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

जिले के ग्राम पंचायत हकीम खेड़ी के ग्रामीणों द्वारा पूरे गांव से राशि एकत्रित कर जमा की गई। राशि जमा करने में सभी ग्राम वासियों ने साथ दिया। जब राशि जमा हो गई तो फिर सभी ग्राम वासियों ने दवाई की भी व्यवस्था की ताकि पंजाब में आई बाढ़ पीड़ितों को दवाइयां मुहैया कराई जा सके। इसमें सभी ग्राम वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रविवार को एक कार से आठ लोगों का जत्था पंजाब में आई बाढ़ पीड़ितों के लिए राशि और दवाई देने के लिए निकला।

## ग्राम खैरवाड़ा में श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान चली एयर गन, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

थाना क्षेत्र और खरगोन चौकी के अंतर्गत ग्राम खैरवाडा में अन्नत चौदस पर श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक दुकान के सामने फटाके न फोडने की बात पर विवाद हो गया। एक युवक प्रदोष द्विवेदी ने एयर गन चला दी। जिससे मकान के उपर खडे अनमोल साहू की आंख के पास छर्रा लगने से घायल हो गया।

घटना की सूरज प्रसाद साहू के परिवार ने थाने पहुंच कर शिकायत की गई। वहीं घायल युवक को सिविल अस्पताल उपचार हेतु लाया गया।

ग्राम खैरवाडा के साहू परिवार का किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चलने और घर पर पत्थर फैंकने के द्वारा परेशान किए जाने के आरोप भी लगाये है। प्रतिमा विर्षजन के दौरान शनिवार को आतिशबाजी हो रही थी। प्रदोष द्विवेदी को फटाके फोडने से मना किया तो उसने एयर गन चला दी। पुलिस घटना की जांच और कार्यवाही कर रही है।

## सांची यूनिवर्सिटी की छात्रा ने अज्ञात कारणों के चलते लगाई फांसी, मौत

### ग्राम रातातलाई का मामला, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

बीती देर रात ग्राम रातातलाई में सांची यूनिवर्सिटी की छात्रा ने अपने ही घर पर दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

सूचना पर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी मौके पर पहुंचे और घटना का बारीकी से निरीक्षण किया। मामला कायम कर युवती का शव फिलहाल जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के लिए रखवाया है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार रविवार सुबह 8 बजे सूचना मिली थी कि ग्राम रातातलाई में 21 वर्षीय आकांक्षा (मुस्कान) पिता मदनलाल मीणा ने अपने घर में दुपट्टों का फंदा बनाकर फांसी लगा ली है, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। मृतिका के माता-पिता हिमाचल प्रदेश में रहकर किसी फैक्ट्री में काम करते हैं। उनके आने के बाद ही मृतिका के शव का पीएम होगा।

थाना प्रभारी श्री रघुवंशी ने बताया कि युवती के फांसी लगाने की जानकारी मिली थी। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी रूम में रखवाया है। प्रारंभिक जांच में घटना का कारण अज्ञात है।

### पिछले महीने ही यूनिवर्सिटी में लिया था प्रवेश

आकांक्षा मीणा पांच बहनों और 1 भाई में तीसरे नम्बर की बहन थी। वह 20 से 22 दिन पहले ही हिमाचल प्रदेश से अपने माता पिता के पास से वापस घर रातातलाई गांव आई थी। उसने पिछले महीने ही सांची यूनिवर्सिटी में 6 महीने के भारतीय नॉलेज सिस्टम सर्टिफिकेट कोर्स में एडमिशन लिया था। बताया जा रहा है कि रात में वह अकेले ही कमरे में सो रही थी।और उसकी दो बहनें दूसरे कमरे में सो रही थीं। सुबह मौसी के आने के बाद घटना का पता चल सका। उन्होंने देखा तो आकांक्षा का शव अंदर कमरे में फंदे पर लटक रहा था। परिजनों ने शव को पुलिस के आने से पहले ही उतार लिया था।

## उमरावगंज में पत्थर धंसने से पांच बच्चे नाले में गिरे

**रायसेन।** जिले के उमरावगंज थाना क्षेत्र के घाटखेड़ी गांव में भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन के दौरान शाम को हादसा हो गया। नाले के पास पत्थर के नीचे की मिट्टी धंसने से पांच बच्चे पानी में गिर गए। इनमें से दो किशोर गहरे पानी में चले गए।उमरावगंज थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह तोमर के अनुसार, पांच बच्चे घर की मूर्ति का विसर्जन करने नाले के पास पहुंचे थे। जिस पत्थर पर वे खड़े थे, वह धंस गया। इससे सभी बच्चे पानी में गिर गए। 16-17 वर्षीय अनुज साहू और नितिन साहू गहरे पानी में चले गए।सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने भी रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। करीब एक घंटे बाद एक किशोर का शव नाले से निकाला गया। दूसरे किशोर की सांसें चल रही थीं। उसे सीपीआर देकर तत्काल भोपाल अस्पताल भेजा गया।

## पर्यूषण पर्व के समापन पर जैन समाज ने झांकी के साथ निकाला चल समारोह

### पारंपरिक पोशाकों में निकले नर-नारियों का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

10 दिवसीय पर्यूषण पर्व के समापन पर नगर की सकल जैन समाज द्वारा धूमधाम के साथ नगर के प्रमुख मार्गो पर झांकी, पारंपरिक वेशभूषा और हाथों में ध्वज पताकाओं, जय जिनेंद्र के जयकारों के साथ शोभायात्रा निकाली, जिसका कई स्थान पर पूजन स्वागत किया।



पर्यूषण पर्व के दौरान दिगम्बर जैन मंदिर, सुब्रत नाथ जैन मंदिर, तारण तरण चैत्यालय में सुबह से शाम तक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन और प्रतिदिन प्रवचनों का सिलसिला चलता रहा। सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह और आत्म शुद्धि इस दस दिवसीय पर्व में जैन समाज के नर-नारियों, परिवारों की भारी सक्रियता और मंदिरों में उपस्थिति बनी रही।

### पारंपरिक वेशभूषा का आकर्षण

रथ, चांदी के विमान में विराजे चन्द्रप्रभु भगवान और बैंड बाजों के साथ निकली जैन समाज की शोभायात्रा ने नगर भ्रमण किया। शोभायात्रा में पुरूषों की अलग और महिलाओं, युवतियों के जत्थें अलग-अलग परिधानों में सम्मिलित हुए और आकर्षण का केंद्र बने रहे। धार्मिक भजनों की धुनों पर युवक, युवतियां उत्साहपूर्वक नृत्य और जय जिनेन्द्र के जयकारों से नगर को धर्ममय बनाने सक्रिय बने रहे।

## श्रीरामलीला मैदान में हुई धर्मसभा एवं भजन संध्या

## श्रीगणेशोत्सव का समापन, दूसरे दिन भी प्रतिमाओं का चलता रहा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

बारिश की बाधाओं के बीच दस दिवसीय गणेशोत्सव का समापन हुआ। हिउस के तत्वाधान में दिन में अन्नत चौदस का धूमधाम से चल समारोह निकाला। रात्रि में रामलीला मैदान में रात्रि जागरण के अंतर्गत धर्मसभा एवं भजन संध्या का आयोजन किया। गायक कलाकारों द्वारा धार्मिक भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई।

नपं. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी की अध्यक्षता एवं हिउस के संस्थापक पूर्व अध्यक्ष रामकुमार श्रीवास्तव, सुरेश बिदुआ के मुख्य आतिथ्य में हुई धर्मसभा में हिउस के अध्यक्ष दिनेश नारायण बवेले ने गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ ने हिउस की स्थापना पंजीयन के उद्देश्य, सभी हिंदू त्योहारों को व्यवस्थित ढंग एवं उत्साह से मनाने और सामाजिक सारोकार के कार्यो से जुड़ने का आग्रह किया।




कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नपं. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने विकास कार्यो की जानकारी देते हुए नपं. को स्वच्छता सर्वेक्षण में तृतीय स्थान मिलने और सभी के सहयोग से अगले वर्ष 2026 में जिले में प्रथम स्थान मिलने का भरोसा दिया। कहा कि शीघ्र ही नगर में 8 करोड के विकास निर्माण कार्य प्रारंभ होगे। रामकुमार श्रीवास्तव ने रामलीला मैदान को कबर्ड करने और सभी वर्ग के गरीबों के लिए उपयोगी बनाने क्षेत्र के विधायक और प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल का भरपूर सहयोग से इस दिशा में आगे बढने का आग्रह किया। सभी का हिउस के सचिव सचिन शान्डिल्य ने आभार एवं संतोष राय ने संचालन किया।

### भजन संध्या का आयोजन

शनिवार को हिउस के तत्वाधान में परंपरानुसार अन्नत चौदस का अखाडो के साथ चल समारोह निकाला। बारिश की संभावना के बीच भजन संध्या का रात्रि जागरण में आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बूंदा-बादी होने के बाद भी श्रोता जमें रहे। कार्यक्रम में हिउस के संस्थापकों, पूर्व हिउस अध्यक्षों, हिउस के पदाधिकारियों, सदस्यों की उपस्थिति और सक्रियता बनी रही।

## खेतों की मेड़ों पर उग आए कांस के फूल, बारिश की विदाई के संकेत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सितंबर महीने के पहले सप्ताह खेतों में कांस फूलने का अर्थ है कि वर्षा ऋतु समाप्त हो रही है और शरद ऋतु का आगमन हो रहा है। यह मौसम में बदलाव का एक पारंपरिक संकेत है, जिसे 'रामचरितमानस' और लोक कवियों के दोहों में भी बताया गया है। किसान कांस के फूल खिलने पर वर्षा की समाप्ति और अगली फसल की तैयारी का अंदाजा लगाते हैं। इस सीजन में 13 दिन पहले मानसून आने और आषाढ़ और सावन में हुई जोरदार बारिश के बाद भादो मास में ही कांस फूलने लगे हैं।

कांस का एक संकेत यह भी होता है कि अब बारिश की विदाई की बेला आ गई है। रामचरित मानस में इसके लिए लिखा है कि बरसा विगत शरद रितु आई, लक्ष्मण देखहु परम सुहाई। फूले कांस सकल महि छाई, जनु बरसा कृत प्रकट बुढ़ाई।

### नगर में निकली शोभायात्रा में पंखिड़ा ओ पंखिड़ा... पर खूब थिरकीं इंद्राणियां

## क्षमावाणी पर्व पर दिगंबर जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सकल जैन समाज द्वारा शहर के श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर दुर्गा चौक में पर्वराज पर्यूषण पर्व के समापन पर रविवार को सुबह बैंड-बाजों के साथ भगवान पद्मप्रभु की शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा दुर्गा चौक, महामाया चौक से होती हुई सागर भोपाल तिराहे से वापस दिगंबर जैन पहुंची।

रथ में चांदी के विमान में भगवानपदम प्रभु चंद्र प्रभु विराजित थे। उन्हें चंवर झुलाते हुए भक्त नरेंद्र जैन, चंदनमल जैन चल रहे थे। भगवान पद्मप्रमु के समान जिस सड़क से गुजरे पीली साड़ियों में सजीधजी इंद्राणियों ने पंखिड़ा ओ पंखिड़ा गीत पर खूब नृत्य किया। वहीं जैन समाज के युवक बड़े सफेद और पीले कुर्ते पायजामे पहने हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में सकल जैन समाज के डॉ. वीरेंद्र कुमार जैन, भूपेश जैन, नीलेश गुड्डा जैन, विनोद जैन, विकास जैन, सुनील जैन, विकास पवैया, मनोज जैन, पत्रकार राकेश जैन, अनिल कुमार जैन, बुद्धसेन जैन, मुकेश जैन शामिल हुए।




### मंदिर में हुए धार्मिक अनुष्ठान

पर्युषण महापर्व के समापन पर दिगंबर जैन मंदिर में कई धार्मिक सांस्क्रतिक कार्यक्रम हुए। भगवान महावीर स्वामी, पद्मप्रमु श्रीजी को अभिषेक शांतिधारा एवं फूलमाला कार्यक्रम हुए। वहीं दस दिनों तक चले पर्युषण व्रत में भूलवश हुई गलतियों के लिए जैन समाज के बड़े, युवाओं एवं बच्चों द्वारा आकाश, धरती, पशु, पक्षियों, जीवों से क्षमावाणी पर्व पर क्षमायाचना मांगी।

### चल समारोह में उमड़ा भक्ति और श्रद्धा का सैलाब, लहलहाई पंचरगी धर्म ध्वजा

## भव्य विमान में श्रीजी की प्रतिमा को विराजमान कर निकाली शोभायात्रा

**सिलवानी।** नगर में पर्युषण पर्व की समाप्ति पर भगवान श्रीजी की भव्य शोभायात्रा पारसनाथ जिनालय से निकाली गई। यह शोभायात्रा मुनि साक्ष्य सागर महाराज एवं मुनि निवृत्त सागर महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु भक्तिभाव से शामिल हुए।

पारसनाथ जिनालय से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ, जहां चांदी से जड़े विमान में भगवान श्रीजी की प्रतिमा को विधिवत विराजमान किया। श्रद्धालु समाजजन श्रद्धाभाव से इस विमान को कंधों पर श्रद्धा पूर्वक उठाए हुए नगर भ्रमण पर निकले। समाजजनों द्वारा भगवान श्रीजी की आरती उतारकर नमन किया। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत कर आरती उतारी।




शोभायात्रा जैन चैत्यालय, होली चौक, समय मार्केट, कुशवाहा धर्मशाला, त्रिमूर्ति जिनालय पहुंची। यहां समाजजन ने भगवान श्रीजी की आरती उतारी और पूजन किया। इसके बाद यात्रा बजरंग चौराहा, भोपाल रोड, अंबेडकर वार्ड से होती हुई पुनः प्रारंभिक स्थल पारसनाथ जिनालय पर आकर सम्पन्न हुई।